हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 23 अप्रैल 2026

04 ट्रैक्टर-ऑटो में हुई आमने सामने भिड़ंत, 6 गंभीर...



07 बाल संसद में कपड़े के थैले उपयोग करने पर लगी...





## खबर संक्षेप

### भगवान चित्रगुप्त की शोभायात्रा आज

**विदिशा।** भगवान चित्रगुप्त जयंती के अवसर पर हर साल की तरह इस वर्ष भी गुरुवार को शाम 5 बजे बालाजी मंदिर से भव्य शोभयात्रा निकाली जाएगी। जो बजरिया बड़ा बाजार, तिलक चौक, निकासा होते हुए कांच मंदिर पहुंचेगी। इससे पहले सुबह 9 बजे शेरपुरा स्थित चित्रगुप्त मंदिर में भगवान का अभिषेक कर नए वस्त्र धारण कराए जाएंगे। शाम को मंदिर में पूजा अर्चना और आरती के बाद प्रसादी वितरण होगा। कायस्थ सभा के अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव ने समाजजनों से अधिक से अधिक संख्या में शोभायात्रा में शामिल होने की अपील की है। उन्होंने बताया कि देवउठगी ग्यारस पर चित्रांश सामूहिक विवाह सम्मेलन का भी आयोजन किया जाएगा।

### सहकारी समिति केंद्र का निरीक्षण किया

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने ग्राम ठर्र स्थित बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति केंद्र का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने खाद भंडारण व्यवस्था सुधारने के निर्देश देते हुए कहा कि बोरियों को जमीन से ऊपर सुरक्षित रखा जाए, ताकि नमी से गुणवत्ता प्रभावित न हो। केवाईसी प्रक्रिया की समीक्षा कर अपूर्ण हितग्राहियों की सूची प्रदर्शित करने के निर्देश दिए। किसानों को समय पर खाद उपलब्ध कराने और पारदर्शी संचालन सुनिश्चित करने पर जोर दिया। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ ओपी सनोडिया सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### आंगनबाड़ियों में पोषण व टीकाकरण पर जोर

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने ग्रामीण भ्रमण के दौरान ग्राम कुआं खेड़ी और पालकी के आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने बच्चों से संवाद कर पोषण सेवाओं की जानकारी ली तथा पोषण मटका को नियमित अद्यतन रखने के निर्देश दिए। कुपोषित बच्चों की पहचान, उपचारात्मक प्रबंधन और टीकाकरण की प्रगति की समीक्षा करते हुए सभी पात्र बच्चों का समय पर पूर्ण टीकाकरण सुनिश्चित करने को कहा। कलेक्टर ने कुपोषण मुक्त अभियान को प्राथमिकता से प्रभावी ढंग से लागू करने पर बल दिया।

### विद्यार्थियों ने लिया हरित पृथ्वी का संकल्प

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता के मार्गदर्शन में जिले के समस्त पीएमश्री विद्यालयों में विश्व पृथ्वी दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रमों का उद्देश्य विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण और प्रकृति संवर्धन के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। जिला शिक्षा अधिकारी श्री एसपी जाटव ने बताया कि विद्यालयों में पर्यावरण विषय पर संगोष्ठियां आयोजित कर छात्रों को जल, जंगल और जमीन के महत्व से अवगत कराया गया। निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिताओं के माध्यम से बच्चों ने पर्यावरण संरक्षण पर अपने विचार प्रस्तुत किए। "बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट" प्रतियोगिता विशेष आकर्षण रही, जिसमें विद्यार्थियों ने अपशिष्ट सामग्री से उपयोगी वस्तुएं बनाकर पुनर्चक्रण का संदेश दिया।

## किसान की मौत पर उमंग सिंघार ने उठाए सवाल, सांगुल पहुंचे नेता प्रतिपक्ष ने परिवार को 1 लाख रुपए सहायता का ऐलान किया

### प्रशासन से निष्पक्ष एवं पारदर्शी जांच कराने की मांग

**नपती में 6 बीघा जमीन जाने के बाद किसान ने कर ली थी आत्महत्या**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शमशाबाद

शमशाबाद तहसील के ग्राम सांगुल में किसान कालू जाट की आत्महत्या की घटना ने एक बार फिर प्रदेश की प्रशासनिक संवेदनशीलता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

घटना की जानकारी मिलते ही मध्यप्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार गांव पहुंचे और पीड़ित परिवार से मुलाकात कर शोक संवेदनाएं व्यक्त की।

नेता प्रतिपक्ष ने स्वर्गीय कालूराम जाट के निवास पर पहुंचकर परिजनों को ढांढस बंधाया और हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। इस दौरान उन्होंने अपनी ओर से एक लाख रुपए की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की। नेता प्रतिपक्ष श्री सिंघार ने कहा कि एक किसान का अपनी ही जमीन और सम्मान के लिए संघर्ष करते-करते आत्महत्या जैसा कदम उठाना प्रशासनिक तंत्र की बड़ी विफलता को दर्शाता है। यह केवल एक परिवार की त्रासदी नहीं, बल्कि राजस्व विभाग सहित पूरे सिस्टम के लिए चेतावनी है।



विदिशा। पीड़ित परिवार से मिलकर मामले की जानकारी लेते हुए विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार।

### कहाः न्याय मिलने तक परिवार के साथ खड़े रहेंगे

उमंग सिंघार ने मामले की निष्पक्ष जांच कराने, दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग की। उन्होंने कहा कि भविष्य में किसी भी किसान को ऐसी परिस्थितियों का सामना न करना पड़े, इसके लिए जवाबदेही तय की जानी चाहिए। एसडीएम अजय प्रताप सिंह को भी सिंघार ने मामले की गंभीरता से जांच कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने दोहराया कि वे पीड़ित परिवार के साथ मजबूती से खड़े हैं और न्याय मिलने तक उनका संघर्ष जारी रहेगा। इस दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष मोहित रघुवंशी, प्रदेश सचिव मयंक तेनगुरिया, राजेन्द्र मंडलोई, राहुल राज, इंदर सिंह यादव, रामराज दांगी, गजेन्द्र सिंह राजपूत, आनंद जाट और गोविंद भार्गव मौजूद रहे।

### भारतीय किसान संघ के प्रतिनिधिमंडल ने विधायक को बताईं समस्याएं

## शमशाबाद विधायक का सरकार को अल्टीमेटम सात दिन में समस्याएं हल नहीं हुई तो आंदोलन

***समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी में हो रही देरी और किसानों की समस्याओं को लेकर अपने तीखे तेवर दिखाते हुए शमशाबाद विधायक सूर्यप्रकाश मीना ने अपनी ही सरकार को अल्टीमेटम दे डाला। किसानों के प्रतिनिधि मंडल ने उन्हे ज्ञापन सौंपा, इसके बाद विधायक के तीखे तेवर नजर आए। उन्होंने ज्ञापन देने आए प्रतिनिधिमंडल से कहा कि इस विषय में मुख्यमंत्री से बात करेंगे। सात दिन में किसानों की समस्याएं हल नहीं की गईं तो आंदोलन के लिए तैयार रहें मैं खुद किसानों के साथ मिलकर आंदोलन करुंगा।***

- 20 अप्रैल तक खरीदी पूरी हो जाती थी पर इस बार अभी तक खरीदी शुरू तक नहीं हुई।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

शमशाबाद से भाजपा विधायक सूर्यप्रकाश मीना ने गेंहू खरीदी में किसानों को आ रही परेशानी को देखते हुए किसानों के साथ सड़कों पर उतरने की बात कह डाली है।

यह चेतावनी किसानों की समस्याए सुनते हुए दी है। उन्होने कहा है कि वे पहले मुख्यमंत्री और सांसद जी से बात करेंगे। यदि एक सप्ताह के भीतर किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं हुआ, तो वे खुद किसानों के साथ सड़कों पर उतरेंगे। नटेरन, विदिशा और शमशाबाद क्षेत्र से आए भारतीय किसान संघ के प्रतिनिधिमंडल ने विधायक सूर्यप्रकाश मीना से मुलाकात कर किसानों की समस्याओं से संबंधित ज्ञापन सौंपा। किसानों ने उपार्जन केंद्रों पर अव्यवस्थाओं, तुलाई में देरी और अन्य परेशानियों को प्रमुख मुद्दा बताया। उन्होंने कहा कि हर साल 20 अप्रैल तक तुलाई प्रक्रिया पूरी हो जाती थी, लेकिन इस बार व्यवस्थाएं अभी भी शुरुआती चरण में हैं, जिससे किसानों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। विधायक श्री मीणा ने कहा कि वे इस ज्ञापन को लेकर जल्द ही कृषि मंत्री और मुख्यमंत्री से मुलाकात करेंगे। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि एक सप्ताह के भीतर किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं हुआ, तो वे स्वयं किसानों के साथ सड़कों पर उतरेंगे। सत्ता पक्ष के विधायक द्वारा किसानों के पक्ष में यह बयान देना राजनीतिक गलियारों में चर्चा का विषय बन गया है। आमतौर पर ऐसे तेवर विपक्ष की ओर से देखने को मिलते हैं, लेकिन भाजपा विधायक मीना का यह बयान अलग संदेश दे रहा है।

भारतीय किसान संघ ने भी किसानों से आंदोलन के लिए तैयार रहने को कहा है। गेंहू खरीदी में लगातार हो रही देरी और अव्यवस्थाओं के चलते किसानों में नाराजगी बढ़ती जा रही है।



विदिशा। शमशाबाद विधायक सूर्यप्रकाण मीना को ज्ञापन देकर किसानों की समस्याएं बताते हुए प्रतिनिधि मंडल।

### पूर्व विधायक आज विवेकानंद चौराहे पर करेंगे प्रदर्शन

किसानों की समस्याओं को लेकर पूर्व विधायक शशांक भार्गव आज किसानों के साथ विवेकानंद चौराहे पर प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपेंगे। विगत दिनों उन्होंने मंडी में भ्रमण कर किसानों से इस प्रदर्शन में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील भी की थी। आयोजन में सभी दलों के जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों, समाजसेवियों एवं किसान साथियों को आमंत्रित किया है। मुख्य मांगों में गेहूं, चना एवं मसूर की सरकारी खरीदी तब तक जारी रखने की मांग शामिल है, जब तक प्रत्येक किसान की पूरी उपज नहीं खरीदी जाती। चने में तेवड़ा मिश्रण की परमिशन लिमिट 2% निर्धारित करने की मांग भी रखी जाएगी।

**एसएटीआई में वेतन संकटः** 17 दिन से धरने पर बैठे कर्मचारियों की किसी ने नहीं ली सुध

## यूथ कांग्रेस का अल्टीमेटम, 10 दिन में समाधान नहीं हुआ तो तालाबंदी करेंगे



विदिशा। धरना स्थल पर पहुंचे यूथ कांग्रेस के पदाधिकारियों को सौंपा ज्ञापन।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

एसएटीआई में शिक्षकों और कर्मचारियों को वेतन न मिलने का मामला लगातार गहराता जा रहा है। पिछले 17 दिनों से वेतन के विरोध में कर्मचारी धरने पर बैठे हैं, जिससे लगभग 900 छात्रों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है और उनका भविष्य अधर में लटक गया है।

बताया जा रहा है कि शिक्षकों को पिछले 7 महीनों से वेतन नहीं मिला है, जिसके कारण वे गंभीर आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं। इसी बीच, यूथ कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष अभिषेक परमार अपने साथियों के साथ कॉलेज पहुंचे और धरना दे रहे शिक्षकों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। अभिषेक परमार ने सरकार और कॉलेज प्रबंधन पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि शिक्षकों को महीनों से वेतन न मिलना बेहद चिंताजनक है।

उन्होंने चेतावनी दी कि यदि अगले 10 दिनों के भीतर वेतन जारी नहीं किया गया तो यूथ कांग्रेस अपने कार्यकर्ताओं के साथ कॉलेज में तालाबंदी करेगी और आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

## ग्यारसपुर के ओलिंजा गांव में हो रहे 3 बाल विवाह रुकवाए



हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

ग्यारसपुर के ग्राम ओलिंजा में सोशल वेलफेयर आर्गेनाइजेशन टीम ने एक साथ 3 बाल विवाह रुकवाएं। सूचना पर टीम ग्यारसपुर पहुंची। जिला प्रभारी दीपा शर्मा बालक एवं बालिकाओं के घर गए जहां उनके दस्तावेजों की जांच की गई जिसमें तीनों बालक बालिकाएं नाबालिग पाए गईं। टीम द्वारा परिजनों को समझाइश दी गई कि वह बालक एवं बालिकाओं का विवाह 18 वर्ष पूर्ण होने के बाद एवं बालक का विवाह 21 वर्ष पूर्ण होने के बाद ही करें। यदि वह बाल विवाह करते हैं तो उनके ऊपर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। परिजनों ने आश्वासन दिया कि वह बालक एवं बालिकाओं का विवाह बालिक होने के बाद ही करेंगे। टीम में सदस्य विदिशा सोशल वेलफेयर ऑर्गेनाइजेशन जिला प्रभारी दीपा शर्मा सहित शिवाली लखेरा, मोनू सेन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मोहन बाई, सुनीता सेन मौजूद रहीं।

### पहलगाम हमले में शहीद सैनिकों को दी श्रद्धांजलि



**हरिभूमि न्यूज. विदिशा।** पहलगाम आतंकी हमले में 22 अप्रैल 2025 को शहीद हुए वीर सैनिकों को नगर कांग्रेस कमेटी ने नीमताल स्थित गांधी प्रतिमा के समक्ष श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यकर्ताओं ने मोमबत्तियां जलाकर दो मिनट का मौन रखकर शहीदों के बलिदान को नमन किया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहित रघुवंशी ने कहा कि सैनिकों का साहस हम सभी के लिए प्रेरणा है। नगर अध्यक्ष रवि साहू ने उनके बलिदान को राष्ट्र की अमिट स्मृति बताया। अंत में उपस्थित कांग्रेसजनों ने देश की एकता और अखंडता बनाए रखने की शपथ ली।

## पुलिस पंचायत में वरिष्ठ नागरिकों के पांच गंभीर प्रकरणों की सुनवाई

- जमीन, भरण-पोषण और पारिवारिक विवादों पर सख्त निर्देश दिए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

पुलिस पंचायत की साप्ताहिक बैठक एडिशनल एसपी डॉ. प्रशांत चौबे एवं कोर कमेटी सदस्यों की मौजूदगी में हुई।

सिविल लाइंस क्षेत्र की एक बुजुर्ग महिला ने शिकायत की कि पति द्वारा 50 बीघा जमीन बेटे के नाम कर दी गई थी। पति के निधन के बाद बेटा-बहू उन्हें प्रताड़ित कर मात्र 100 मासिक खर्च दे रहे हैं। पंचायत ने महिला को वैधानिक अधिकारों की जानकारी देते हुए स्पष्ट किया कि भरण-पोषण न मिलने पर संपत्ति वापस लेने की कार्रवाई संभव है। मामले में अगली तिथि निर्धारित की गई। एक बुजुर्ग ने आरोप लगाया कि पड़ोसी सीमांकन के बाद भी उनकी 2 बीघा जमीन पर खेती नहीं करने दे रहा। पंचायत ने दोनों पक्षों को समझाइश दी और कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी।



## समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी में देरी, किसान परेशान, स्लॉट बुकिंग बनी सबसे बड़ी समस्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शमशाबाद

शमशाबाद क्षेत्र में इन दिनों गेहूं खरीदी का सीजन किसानों के लिए राहत नहीं, बल्कि चिंता और बेबसी का कारण बन गया है।

जैसे-तैसे किसान कड़ी मेहनत करके अपनी फसल तैयार करते हैं, लेकिन उसे समर्थन मूल्य पर बेचने के लिए उन्हें भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पंजीयन कराने के बाद भी किसानों को स्लॉट बुक कराने के लिए कई दिनों तक इंतजार करना पड़ रहा है। खासकर दो हेक्टेयर से अधिक भूमि वाले किसानों के सामने यह समस्या और भी गंभीर बन गई है। कई किसान लगातार प्रयास के बावजूद खरीदी केंद्रों पर तुलाई के लिए स्लॉट बुक नहीं करा पा रहे हैं, वहीं जिन किसानों को स्लॉट मिल भी गया है, उन्हें भी दिक्कतों से जूझना पड़ रहा है।

### एक महीने से खुले में पड़ा किसानों का गेहूं

किसानों का गेहूं पिछले एक महीने से खुले आंगनों में पड़ा हुआ है। तेज धूप, बदलते मौसम और संभावित बारिश के कारण फसल खराब होने का खतरा बना हुआ है। एक ओर मेहनत की पूरी फसल खराब होने का डर, तो दूसरी ओर बढ़ते खर्चों का दबाव—इन दोनों के बीच किसान बुरी तरह पिस रहा है। शादी-विवाह, मजदूरों की मजदूरी, थ्रेसर का किराया और अन्य कृषि खर्चों को चुकाने के लिए किसानों को नकदी की सख्त जरूरत है। लेकिन समर्थन मूल्य पर खरीदी की धीमी प्रक्रिया ने उन्हें मजबूर कर दिया है कि वे उपज को मंडियों में कम दाम पर बेचें।

**अभिषेक कुमार दो प्रतिष्ठित राष्ट्रीय कार्यक्रमों में चुने गए**

## स्प्रिंगफील्ड स्कूल के छात्र का इसरो में चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा



स्प्रिंगफील्ड वर्ल्ड स्कूल के लिए अत्यंत गर्व का विषय है कि कक्षा 9 के छात्र अभिषेक कुमार का चयन देश की दो प्रतिष्ठित संस्थाओं भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के 'युविका-2026' कार्यक्रम तथा भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान भोपाल के समर आउटरीच कैंप 2026 के लिए हुआ है। यह उपलब्धि न केवल छात्र की प्रतिभा और परिश्रम को दर्शाती है, बल्कि विद्यालय के शैक्षणिक वातावरण और मार्गदर्शन की उत्कृष्टता का भी प्रमाण है। इसके अतिरिक्त अभिषेक का चयन भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान भोपाल के समर आउटरीच कैंप 2026 के लिए भी हुआ है, जहां उन्हें विज्ञान के उन्नत विषयों को समझने और विशेषज्ञों से मार्गदर्शन प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। विद्यालय के प्राचार्य विनय अग्रवाल ने कहा कि अभिषेक की सफलता यह सिद्ध करती है कि लगन और अनुशासन से कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। संचालक योगेंद्र सिंह राणा, निदेशक करनप्रताप सिंह राणा तथा निदेशक मीनल राणा ने भी अभिषेक को बधाई देते हुए इसे विद्यालय परिवार के लिए प्रेरणादायक उपलब्धि बताया। विद्यालय परिवार ने अभिषेक कुमार के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### श्रीहरिकोटा में अंतरिक्ष विज्ञान का अनुभव

अभिषेक कुमार, जो मूल रूप से बिहार के निवासी हैं और विद्यालय के हॉस्टल में रहकर अध्ययन कर रहे हैं, का चयन इसरो के युविका कार्यक्रम के लिए सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र, श्रीहरिकोटा में हुआ है। यहाँ वे दो सप्ताह तक अंतरिक्ष विज्ञान और तकनीकी के विभिन्न पहलुओं का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। यह कार्यक्रम देशभर से चयनित मेधावी विद्यार्थियों को अंतरिक्ष अनुसंधान की प्रत्यक्ष जानकारी प्रदान करता है।

## बासौदा मंडी भाव

सोयाबीन
न्यूनतम भाव-4600
उच्चतम भाव-5851
सरसों
न्यूनतम भाव-4800
उच्चतम भाव-6910
चना
न्यूनतम भाव-4200
उच्चतम भाव-5405
मसूर
न्यूनतम भाव-5525
उच्चतम भाव-8950
शरबती
न्यूनतम भाव-2500
उच्चतम भाव-5000
गेंहू 1544
न्यूनतम भाव-2165
उच्चतम भाव-2900
मालवा शक्ति
न्यूनतम भाव-2165
उच्चतम भाव-2332
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-2410
उच्चतम भाव-3111
बटरी
न्यूनतम भाव-3200
उच्चतम भाव-3200
धनिया
न्यूनतम भाव-10000
उच्चतम भाव-11500
धान
न्यूनतम भाव-2000
उच्चतम भाव-4460
अलसी
न्यूनतम भाव-7260
उच्चतम भाव-7260
उड़द
न्यूनतम भाव-7000
उच्चतम भाव-7000

### कृषि मंडी में हुई आवक

**गंज बासौदा।** कृषि उपज मण्डी में बुधवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि मण्डी में 17004 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई।

## खबर संक्षेप

### गुरु गोरखनाथ की कथा को लेकर कलश यात्रा आज



**गंजबासौदा।** राजेंद्र नगर स्थित श्रीधाम दरबार में आयोजित होने वाली सात दिवसीय गुरु गोरखनाथ की कथा को लेकर 23 अप्रैल गुरुवार को भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। जो शाम 4 बजे पचमा रोड स्थित मां कर्मा देवी चौराहा स्थित रामकृष्ण मंदिर से शुरू होगी। भगवान रामदेव सेवा समिति के अनुसार 24 अप्रैल से 30 अप्रैल तक प्रतिदिन शाम 4 बजे से 7 बजे तक कथा का वाचन किया जाएगा। कथा वाचक पंडित हरिनारायण पाठक गुरु गोरखनाथ के जीवन, उनके सिद्धांतों और चमत्कारों का विस्तार से वर्णन करेंगे। आयोजन के दौरान प्रतिदिन दोपहर में पार्थिव रुद्री निर्माण का कार्यक्रम भी रखा गया है। जिसमें श्रद्धालु भाग लेकर धार्मिक लाभ प्राप्त कर सकेंगे। कलश यात्रा को लेकर महिलाओं में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। श्री रामदेव सेवादल द्वारा बड़ी संख्या में महिलाओं को आमंत्रित किया गया है। आयोजन समिति ने बताया कि यह आठ दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम श्रद्धालुओं के लिए आस्था और भक्ति का केंद्र रहेगा।

# रेलवे स्टैंड संचालक ने की अवैध स्टैंडों पर कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा




रेलवे स्टेशन के अधिकृत साइकिल एवं मोटरसाइकिल स्टैंड को इन दिनों भारी घाटे का सामना करना पड़ रहा है। स्टेशन के आसपास निजी खाली पड़े प्लॉटों में अवैध रूप से संचालित हो रहे स्टैंड इस समस्या की मुख्य वजह बन गए हैं।

मामले को लेकर स्टैंड संचालक ने जनसुनवाई में एसडीएम के नाम आवेदन सौंपकर सख्त कार्रवाई की मांग की है। वाहन स्टैंड संचालक बलराम यादव ने बताया कि उन्होंने नियमानुसार अनुमति लेकर रेलवे स्टेशन पर स्टैंड का संचालन शुरू किया है और नियमित रूप से नगरपालिका व संबंधित विभागों को निर्धारित शुल्क व टैक्स जमा करते हैं। इसके विपरीत,आसपास कई लोग बिना किसी अनुमति के अवैध रूप से वाहन स्टैंड चला रहे हैं, जो न तो कोई शुल्क जमा करते हैं और न ही किसी नियम का पालन करते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि अवैध स्टैंड संचालक मनमाने तरीके से वाहन खड़े करवा रहे हैं और कम शुल्क लेकर यात्रियों को आकर्षित कर रहे हैं। इससे अधिकृत स्टैंड पर वाहनों की संख्या लगातार घट रही है, जिससे आय में भारी गिरावट आई है और संचालन खर्च निकालना भी मुश्किल हो गया है।

बलराम यादव ने यह भी कहा कि इन अवैध स्टैंडों में सुरक्षा के कोई पुख्ता इंतजाम नहीं हैं। वाहन चोरी या नुकसान की स्थिति में जिम्मेदारी तय नहीं हो पाती, जिससे आम लोगों को जोखिम उठाना पड़ता है। वहीं नगरपालिका को भी राजस्व का नुकसान हो रहा है, क्योंकि अवैध स्टैंड संचालक किसी प्रकार का टैक्स या शुल्क जमा नहीं कर रहे हैं। आवेदन में मांग की गई है कि रेलवे स्टेशन क्षेत्र में चल रहे सभी अवैध स्टैंडों की जांच कर उन्हें तत्काल बंद कराया जाए और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। अधिकारियों ने मामले को गंभीरता से लेते हुए उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# बैंक के बाहर खड़े हो रहे अव्यवस्थित वाहनों से यातायात हो रहा प्रभावित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नगर के मुख्य मार्गों पर अनेक बैंक संचालित हैं। जिनका करोड़ों रुपयों का टर्नओवर होने के बाद भी उपभोक्ताओं को पर्याप्त सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराई जा रही हैं। जिनमें सर्वाधिक परेशानी वाहन पार्किंग व्यवस्था की है। बैंक आने वाले उपभोक्ताओं को पेयजल की व्यवस्था नहीं है। रेल्वे स्टेशन के समीप संचालित बैंक के वाहन दर्जनों की संख्या में दो पहिया वाहन अव्यवस्थित ढंग से इधर उधर खड़े रहते हैं। जिससे इस मार्ग से होकर जाने वाले रेलयात्रियों, पैदल राहगीरों एवं दो पहिया, चार पहिया वाहन चालकों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जागरुक नागरिकों ने बैंक प्रबंधन से वाहन पार्किंग की उचित व्यवस्था कराए जाने की मांग की है।

## गंजबासौदा से सभी शिक्षिकाएं ऑटो में सवार होकर जा रहीं थीं स्कूल

# ट्रैक्टर-ऑटो में हुई आमने सामने भिड़ंत, 6 गंभीर रूप से घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

**शासन, प्रशासन के लाख प्रयासों के बाद भी सड़क हादसों में विराम नहीं लग पा रहा है। जबकि यातायात पुलिस समय-समय पर अभियान चलाकर वाहन चालकों को जागरुक करती रहती है। सड़क हादसों का मुख्य कारण वाहन चालकों द्वारा यातायात नियमों का पालन न करना, तेज गति में वाहन चलाना, शराब पीकर वाहन चलाना शामिल हैं।**





बुधवार को भी सुबह लगभग 7 बजे एक सड़क हादसा हो गया। जिसमें ट्रैक्टर और ऑटो की आमने सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। इस दौरान 6 लोग गंभीर रुप से घायल हो गए जिन्हे उच्च उपचार के लिए विदिशा रेफर किया गया है वहीं पांच लोगों को उपचार स्थानीय जनचिकित्सलय में जारी है।

जानकारी के अनुसार शादी विवाह के सीजन के चलते बुधवार को बस संचालन बाधित था। जिससे सुबह बस न मिलने के कारण महिला शिक्षिकाएं एक सवारी ऑटो क्रमांक एमपी 40 आर 0594 में सवार होकर गंजबासौदा से त्योंदा क्षेत्र के स्कूलों की ओर जा रही थीं। तभी ग्राम ककरावदा के पास ऑटो और ट्रैक्टर की आमने सामने भिड़ंत हो गई। इस हादसे में लगभग 6 महिला शिक्षिकाएं गंभीर रूप से घायल हो गईं जिन्हें उपचार के लिए शासकीय राजीव गांधी जनचिकित्सालय भेजा गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद घायलों की गंभीर हालत को देखते हुए उच्च उपचार के लिए विदिशा रेफर कर दिया गया। वहीं 5 घायलों का उपचार शासकीय राजीव गांधी जनचिकित्सालय में जारी है। यहां उल्लेखनीय है कि गत 21 अप्रैल को अधिक शादियां थीं और कई बसें शादी समारोह में लगी होने के कारण शिक्षिकाओं को बस नहीं मिल सकी जिसके चलते उन्हें मजबूरी में ऑटो से सफर करना पड़ा। इसी दौरान रास्ते में ऑटो ट्रैक्टर से टकरा गया टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ट्रैक्टर पलट गया और ऑटो पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। इस हादसे में ऑटो चालक आनंद भी घायल हो गया है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस प्रशासन और 108, 112 मौके पर पहुंची। जिनकी मदद से घायलों को शासकीय राजीव गांधी जनचिकित्सालय भेजा गया। उक्त हादसे में हरीश निवासी वार्ड 3, रजनी शर्मा वार्ड 8, निधि वार्ड 7, मुक्ता वार्ड 7, आकृति वार्ड 12, आनंद वार्ड 4, सुरेखा निवासी बहलोट बायपास, शोभना वार्ड 3, गीता देवी वार्ड 6, राज कुमारी वार्ड 8, लता श्रीवास्तव वार्ड 7 शामिल हैं। घटना के संबंध में शहर थाना प्रभारी संजय वेदिया ने हरिभूमि से चर्चा करते हुए बताया कि मामले की जांच की जा रही है एवं अपराध पंजीबद्ध किया जा रहा है।

# यातायात पुलिस ने बनाए चालान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

यातायात निरीक्षक निरपत सिंह लोधी के नेतृत्व में बुधवार को बासौदा सिरोंज मार्ग पर बेतवा नदी के पुल के पास वाहन चैकिंग अभियान चलाया गया। चैकिंग अभियान के दौरान नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों से जुर्माना वसूला गया। यातायात निरीक्षक निरपत सिंह लोधी ने बताया कि यह कार्रवाई मुख्य रूप से बिना ड्राइविंग लाइसेंस, बिना वैध दस्तावेज और दोपहिया वाहनों पर तीन सवारी ओवरलोडिंग बैठाने वालों, टूटी नंबर प्लेट एवं बगैर नंबर प्लेट के वाहन चालकों के विरुद्ध की गई। वाहन चैकिंग अभियान के दौरान 8 वाहन चालकों से 3100 जुर्माना वसूला गया। जिसमें एक ओवरलोड बस और 7 दो पहिया वाहन शामिल हैं। उधर शाम को यातायात पुलिस ने प्रभारी निरपत सिंह लोधी के नेतृत्व में जयस्तंभ चौक पर भी वाहन चैकिंग अभियान चलाया। जिसमें 12 वाहन चालकों से जुर्माने के रूप में 4300 रूपए की वसूली की गई।



# आंगनबाड़ी केन्द्र पर पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

आगामी 25 अप्रैल तक चल रहे नारी शक्ति वंदन पखवाड़े के अंतर्गत विगत दिवस सेक्टर पचमा के आंगनवाड़ी केन्द्र पर पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम मनाया गया। इस दौरान स्व सहायता समूह,अरबपति दीदी, महिला उद्यमियों को आर्थिक क्षेत्र में महिलाओं की आत्मनिर्भर बनाने के संबंध में चर्चा की गई। इस मौके पर कार्यकर्ता आशा, किशोरी बालिका, महिलाएं मौजूद थीं।

# केंद्रीय मंत्री की घोषणा से मिल सकती है समर्थन मूल्य पर खरीदी में राहत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

इलाके में समर्थन मूल्य पर गेहूं एवं चना, मसूर की खरीदी में अभी तक आ रही परेशानियों को देखते हुए खरीदी काफी सुस्त गति से चल रही थी और किसान काफी परेशान हो रहे थे, लेकिन अब केन्द्रीय कृषि मंत्री के आश्वासन के बाद इस प्रक्रिया में किसानों को राहत मिलने की उम्मीद बढ़ गई है।

उल्लेखनीय है कि इस वर्ष समर्थन मूल्य पर गेहूं, चना, मसूर की खरीदी शुरू से ही किसानों के लिए परेशानी का कारण बनी हुई है। एक तो निर्धारित समय से काफी देर से खरीदी शुरू की गई। इसके साथ ही स्लॉट बुक कराने में सर्वर की समस्या, सेटेलाइट सर्वे में गलत जानकारी दर्ज होने, छोटे खाताधारकों की पहले खरीदी होने सहित अन्य समस्याओं के चलते किसान काफी परेशान हो रहे हैं। इसके अलावा समर्थन मूल्य खरीदी केन्द्रों पर चने में तेवडे का एक भी दाना मिलने पर उपज अस्वीकृत करने, एफएक्यू के मनमाने मापदंड बताकर उपज न लेने को लेकर भी किसानों को काफी परेशानी का सामना करना पड रहा है। हालत यह है कि किसान अपने चने की उपज को केन्द्र से रिजेक्ट होते ही औने पौने दाम पर मंडी में बेचने मजबूर हो रहे हैं। जिससे उन्हें आर्थिक परेशानी भी उठानी पड रही है। उधर गेहूं में स्लॉट बुक कराते समय गोदाम की भंडारण क्षमता पूरी बताई जा रही है इस कारण भी किसान अपनी सुविधानुसार खरीदी केन्द्र का चयन नहीं कर पा रहे हैं। इन सब परेशानियों के चलते किसान इस बार सरकारी खरीदी को लेकर काफी परेशान और आक्रोशित हैं। लेकिन अब केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सोशल मीडिया के माध्यम से किसानों को आश्वस्त किया है कि उन्होंने समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देशित किया है कि हर किसान का गेहूं खरीदा जाएगा, स्लॉट बुकिंग में आ रही दिक्कतें दूर की जाएंगी, छूटे किसानों को दोबारा अवसर दिए जाएंगे, खरीदी केन्द्रों की क्षमता बढाने के निर्देश, बारदाना और संसाधनों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा, प्रशासन और जनप्रतिनिधि मिलकर काम करें और आवश्यकता पडी तो वे स्वयं फील्ड विजिट भी कर सकते हैं।



केन्द्रीय मंत्री के इन निर्देशों और आश्वासन के बाद किसानों को अब अपनी उपज के समर्थन मूल्य पर विक्रय करने पर कुछ राहत मिलने की उम्मीद बंध गई है।

किसानों का कहना है कि बताया जा रहा है कि केन्द्र सरकार द्वारा गेहूं के निर्यात की घोषणा की गई है। इसे मंडी में भी गेहूं के दामों में वृद्धि हो सकती है और इससे किसानों को मंडी में भी अपनी उपज के अच्छे दाम मिल सकते हैं। जिससे वे समर्थन मूल्य केन्द्र पर होने वाली परेशानी से भी बच सकेंगे।

### अत्याधिक यातायात दबाव और मनमानी पार्किंग से लग रहा जाम



**गंजबासौदा।** इन दिनों शादी विवाह के सीजन के चलते वाहनों का दबाव नगर की सडकों पर अत्याधिक बढ़ गया है। साथ ही वाहन चालकों द्वारा नियमों का उल्लंघन करने और मनमाने ढंग से वाहन संचालन एवं अव्यवस्थित पार्किंग के चलते जगह जगह जाम की स्थिति बन रही है। जिससे सामान्य जन को काफी असुविधाओं का सामना करना पड रहा है। यहां उल्लेखनीय है कि शादी विवाह के चलते अधिक संख्या में वाहन सडकों पर दौड रहे हैं। वाहन चालक अपने वाहन कहीं भी खडे कर चले जाते हैं, जिससे जाम लग जाता है। बीती रात भी जयस्तंभ चौक पर इसी कारण काफी देर तक जाम लगा रहा। जबकि आज दिन में पचमा रोड गली सहित विभिन्न सडकों पर जाम की स्थिति बनती रही।

## शराब दुकान हटाने चल रहा प्रदर्शन

# नागरिकों का धरना 23 वें दिन भी जारी




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

रेलवे स्टेशन की शराब दुकान हटाने को लेकर नागरिकों एवं युवाओं द्वारा किया जा रहा शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन 23 वें दिन भी जारी रहा। उल्लेखनीय है कि स्टेशन की शराब दुकान को हटाने का मुद्दा काफी पुराना है। प्रतिवर्ष नागरिकों द्वारा शराब दुकान हटाने को लेकर ज्ञापन, आवेदन, धरना प्रदर्शन किए जाते हैं और अधिकारियों द्वारा आश्वासन भी दिया जाता है, लेकिन शराब दुकान अभी तक नहीं हटी है। वहीं करीब पांच वर्ष पूर्व जिला आबकारी अधिकारी ने भी प्रदर्शन कर रहे नागरिकों एवं युवाओं को अगले वर्ष से शराब दुकान अन्यत्र स्थानांतरित करने का लिखित आश्वासन दिया था। इसके बावजूद शराब दुकान नहीं हटाई गई।

इसी कारण इस बार नागरिकों एवं युवाओं ने शराब दुकान का ठेका होने के पहले से ही दुकान हटाने को लेकर शांतिपूर्ण ढंग से टेंट लगाकर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया था। इस प्रदर्शन को अब 23 दिन हो गए हैं। हांलाकि पिछले दिनों नए शराब ठेकेदार ने शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन कर रहे युवाओं और नागरिकों को मौके पर पहुंचकर धमकाया भी था। जिसके बाद दूसरे दिन शराब ठेकेदार के प्रबंधक ने धरना प्रदर्शन कर रहे लोगों को 15 दिवस में अपनी दुकान अन्यत्र स्थानांतरित करने का लिखित आश्वासन भी दिया था। लेकिन बरसों पुरानी मांग को पूरा कराने के लिए धरने पर बैठे लोगों ने अब दुकान हटने तक धरना प्रदर्शन जारी रखने का निर्णय लिया है और इसी कारण अब दुकान स्थानांतरित किए जाने तक धरना प्रदर्शन जारी है। आज भी 23 वें दिन के धरना प्रदर्शन में विभिन्न समाजों, संगठनों के लोगों ने शामिल होकर शराब दुकान हटाने के अभियान में अपना समर्थन दिया। नागरिकों का कहना है कि रेलवे स्टेशन पर शराब दुकान मुख्य मार्ग पर है, जिससे स्टेशन आने जाने वाले यात्रियों, पास में स्थित मंदिर, बैंक, कार्यालयों में आने जाने वालों को असुविधाओं का सामना करना पडता है।

### आज बड़ी छट पर होंगे कार्यक्रम आयोजित



**गंजबासौदा।** श्री कालसेन भैरव बाबा मंदिर गांधी चौक में वैशाख माह की बड़ी छठ के अवसर पर गुरुवार को कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिसमें सुबह 9 बजे विशेष पूजन अभिषेक दोपहर 12 बजे बाबा की महाआरती के पश्चात प्रसादी का वितरण किया जाएगा।

**खंडन जाहिर सूचना**

यह कि मेरे पक्षकार श्रीमति जयंती जैन पत्नि श्री अशोक कुमार जैन एवं नितिन जैन पुत्र अशोक कुमार जैन निवासी हाल मुकाम भोपाल म.प्र. के द्वारा श्री अशोक कुमार जैन पुत्र स्व. श्री छोटेलाल जैन द्वारा दिनांक 14.04.2026 को दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित कराई गई जाहिर सूचना का खंडन प्रकाश कराये जाने हेतु अधिकृत किया है। ग्राम वेहलोट तहसील बासौदा जिला विदिशा की आराजी क्रमांक 278 जो नगरपालिका परिषद गंजबासौदा की सीमा अंतर्गत वार्ड नं. 08 में मेन रोड पर स्थित चार मंजिला स्थित है के आराजी क्रमांक 278/11/2/2 रकवा 0.005 हे. श्रीमति जयंती जैन की स्व अर्जित संपत्ति है तथा इसी प्रकार आराजी कमांक 278/11/3/1/2 रकवा 0.010 हे. एवं 27/8/11/3/1/3 रकवा 0.005 है. नितिन जैन की स्वअर्जित संपत्ति है। जिसका निर्माण मेरे पक्षकार द्वारा स्वयं की लागत लगाकर किया गया है। जाहिर सूचनाकर्ता अशोक कुमार पुत्र स्वर्गीय छोटेलाल का उक्त संपत्ति पर किसी भी प्रकार का अधिकार निहित नहीं है। मात्र भ्रम फैलाने के उद्देश्य से उक्त प्रकार की जाहिर सूचना कराई गई है। मेरे पक्षकार उक्त भ्रामक सूचना प्रकाशन कराने के संबंध में प्रथक से वैधानिक कार्रवाही किए जाने हेतु स्वतंत्र हैं।

भवदीय **शिवदीप सचान** एडव्होकेट
लॉयर्स चैम्बर, त्यौंदा रोड गंजबासौदा
जिला विदिशा (म.प्र.)

## विश्व पृथ्वी दिवस पर बच्चों ने लिया बड़ा निर्णय

# बाल संसद में कपड़े के थैले उपयोग करने पर लगी सर्वसम्मति से मुहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

विश्व पृथ्वी दिवस पर आयोजित बाल संसद के अंतर्गत केडीबीएम इंटरनेशनल स्कूल में एक प्रेरक एवं ज्ञानवर्धक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन विद्यालय की डायरेक्टर श्वेता आनंद त्यागी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी जागरूकता एवं नेतृत्व क्षमता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ पृथ्वी संरक्षण के संकल्प के साथ हुआ। इसके पश्चात बाल संसद की कार्यवाही प्रारंभ हुई, जिसमें विद्यार्थियों ने विभिन्न संवैधानिक भूमिकाएँ निभाते हुए संसद की कार्यप्रणाली का प्रभावशाली प्रस्तुतीकरण किया। इस अवसर पर प्रत्यंचा रघुवंशी ने पीठासीन अधिकारी (स्पीकर) की भूमिका निभाई, वहीं दिव्यांश शर्मा ने प्रधानमंत्री के रूप में सदन का नेतृत्व किया। मंत्रिमंडल में हितैषी श्रीवास्तव ने पर्यावरण मंत्री, सोनम झा ने स्वास्थ्य मंत्री, देव शर्मा ने जल मंत्री एवं शौर्य नामदेव ने ऊर्जा मंत्री के रूप में अपनी जिम्मेदारियाँ निभाईं। वहीं केशव श्रीवास्तव ने विपक्ष के नेता के रूप में प्रभावशाली भूमिका निभाई। बाल संसद में अनन्या, अर्चित, चंचल, देव, दिव्यांश, इशांत, कार्तिक, निमिषा, प्रत्यंचा, शौर्य, तनीश, हितैषी, राधिका, रितिका, सक्षम, सोनम एवं वीर सहित अनेक विद्यार्थियों ने सक्रिय सहभागिता की।




### पृथ्वी को सुरक्षित रखना चुनौतीपूर्ण

वही कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने आकर्षक पोस्टरों, प्रभावशाली नारों एवं सशक्त प्रस्तुतियों के माध्यम से यह संदेश दिया कि यदि समय रहते हम जागरूक नहीं हुए, तो आने वाली पीढ़ियों के लिए पृथ्वी को सुरक्षित रखना चुनौतीपूर्ण हो जाएगा। इस अवसर पर विद्यालय की डायरेक्टर श्वेता आनंद त्यागी ने अपने संबोधन में कहा कि आज के बच्चे ही हमारे भविष्य के निर्माता हैं। यदि उनमें प्रारंभ से ही पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता और जिम्मेदारी विकसित की जाए, तो हम एक स्वच्छ, सुरक्षित और समृद्ध पृथ्वी का निर्माण कर सकते हैं। विद्यालय के शिक्षकों एवं प्रबंधन ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन बच्चों में नेतृत्व क्षमता, संवाद कौशल एवं सामाजिक जिम्मेदारी का विकास करते हैं। विद्यालय की डायरेक्टर श्वेता आनंद त्यागी के मार्गदर्शन में आयोजित यह बाल संसद विद्यार्थियों के लिए एक शिक्षाप्रद अनुभव रहा तथा समाज में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने में भी महत्वपूर्ण साबित हुआ।

### पक्ष एवं विपक्ष दोनों का मिला पूर्ण समर्थन

इस अवसर पर संसद की कार्यवाही के दौरान विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण, जल संकट, जल संरक्षण, स्वच्छता अभियान, प्लास्टिक मुक्त जीवन एवं हरित भविष्य जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर गंभीर चर्चा की। विशेष रूप से बाल संसद में सर्वसम्मति से ह्लप्रत्येक नागरिक द्वारा कपड़े के थैले का उपयोग अनिवार्य करनेह्व संबंधी प्रस्ताव (बिल) पारित किया गया। जिसे पक्ष एवं विपक्ष दोनों का पूर्ण समर्थन प्राप्त हुआ। वही विद्यार्थियों ने बढ़ते प्रदूषण, जल की कमी एवं प्राकृतिक संसाधनों के अंधाधुंध दोहन पर चिंता व्यक्त करते हुए इसके समाधान के रूप में वृक्षारोपण, जल संरक्षण, प्लास्टिक के उपयोग में कमी, स्वच्छता बनाए रखने एवं ऊर्जा बचत जैसे महत्वपूर्ण सुझाव प्रस्तुत किए।

# किसान की समस्याओं का एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज



तहसील क्षेत्र के किसानों ने खेती-किसानी से जुड़ी विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर एसडीएम हरिशंकर विश्वकर्मा को ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर ज्ञापन का वाचन करते हुए कृषि एवं ग्रामीण मज़दूर संघ के जिला अध्यक्ष मोहन रघुवंशी ने कहा वर्तमान समय में किसान आर्थिक, प्रशासनिक और तकनीकी परेशानियों से जूझ रहे हैं, जिससे किसानो को खेती करना लगातार कठिन होता जा रहा है। किसानों ने प्रमुख रूप से खाद-बीज की पर्याप्त उपलब्धता, नकली खाद व अधिक कीमत वसूलने वालों पर सख्त कार्रवाई, समर्थन मूल्य पर खरीदी में आ रही समस्याओं का समाधान तथा तुलाई में हो रही देरी समाप्त करने की मांग रखी। किसानों ने चना एवं मसूर खरीदी में मिश्रित दानों को 2 प्रतिशत तक स्वीकार करने, खरीदी केंद्रों पर बारदाना उपलब्ध कराने और अधिक वजन की बोरियों पर जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग भी की। इस अवसर पर किसान कांग्रेस नेता सुरेन्द्र रघुवंशी ने कहा कि तत्काल किसानो की इन समस्याओं को दूर किया जाए और छोटे-बड़े सभी किसानों के स्टॉल बुकिंग तत्काल प्रारंभ किए जाएं

फसल विक्रय के बाद 7 दिन के भीतर हो भुगतान - इस अवसर पर किसानों ने कहा कि खरीदी केंद्रों पर पानी, छांव, कर्मचारियों के नाम व मोबाइल नंबर की जानकारी उपलब्ध कराई जाए तथा फसल विक्रय के अधिकतम 7 दिन के भीतर भुगतान किसानों के खातों में जमा कराया जाए। साथ ही खरीद पर्ची भी तत्काल उपलब्ध कराने की मांग रखी गई। साथ ही सीसीबी बैंक में किसानों के लिए भुगतान प्रक्रिया सरल करने, किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) ऋण राशि का री-पेमेंट 30 अप्रैल तक सुनिश्चित करने तथा आगजनी से प्रभावित किसानों को शीघ्र मुआवजा देने की मांग भी शामिल रही। इसके अलावा किसानों ने ग्रीष्मकालीन फसलों के लिए दिन में पर्याप्त बिजली आपूर्ति, भूमि सीमांकन एवं अतिक्रमण प्रकरणों का शीघ्र निराकरण, नरवाई जलाने के मामलों में दंडात्मक कार्रवाई के बजाय जागरूकता आधारित समाधान तथा सहकारी समितियों एवं पैक्स संस्थाओं का संचालन मुख्यालय स्तर पर नियमित करने की मांग की। किसानों ने प्रशासन से हर तीन माह में किसान संगठनों, उन्नतशील किसानों एवं प्रशासनिक अधिकारियों की समन्वय बैठक आयोजित करने की मांग भी की, ताकि समस्याओं का समय पर समाधान हो सके। शीघ्र राहत प्रदान करने की मांग की है।

## वित्तीय साक्षरता पर भव्य और ऐतिहासिक बूट कैंप का आयोजन

**सिरोंज।** नगर के कुरवाई रोड स्थित ईशान इंटरनेशनल स्कूल में वित्तीय साक्षरता पर एक भव्य और ऐतिहासिक बूट कैंप का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम शहर में स्कूली विद्यार्थियों के लिए अपनी तरह का पहला और सबसे बड़ा सेमिनार रहा। जिसमें कक्षा 3 से 10वीं तक के छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को कम उम्र से ही आर्थिक रूप से जागरूक बनाना और उन्हें सही वित्तीय आदतों की ओर प्रेरित करना था। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में भव्य गुप्ता, जो ह्यग्रोरुपयाह्न की सेबी पंजीकृत विशेषज्ञ हैं, विशेष रूप से आकर्षण का केंद्र रहीं। उन्होंने अपने सरल, प्रभावशाली और इंटरैक्टिव अंदाज में बच्चों को बचत, निवेश, और बजट प्रबंधन के महत्वपूर्ण सिद्धांत समझाए। उन्होंने उदाहरणों के माध्यम से बताया कि कैसे छोटी-छोटी बचत भविष्य में बड़े आर्थिक लक्ष्यों को हासिल करने में मदद करती है। उनके प्रेरणादायक सत्र ने विद्यार्थियों को न केवल नई जानकारी दी, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर और जिम्मेदार बनने की दिशा में सोचने के लिए भी प्रेरित किया। स्कूल प्रबंधन ने इस पहल को विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए एक महत्वपूर्ण कदम बताया और ऐसे कार्यक्रम आगे भी आयोजित करने की बात कही।




## हज पर जाने वाले यात्रियों का फूलमाला और मिठाई खिलाकर किया गया सम्मान



**सिरोंज।** मक्का-मदीना की पवित्र हज यात्रा 2026 के लिए रवाना होने वाले हाजियों का विभिन्न स्थानों पर उत्साहपूर्वक सम्मान और विदाई दी जा रही है। वही नगर के वरिष्ठ समाजसेवी मोहम्मद फहीम मंसूरी एंव उषमान मंसूरी के हज यात्रा पर रवाना होने से पूर्व ढाल बाजार स्थित मीडिया हाऊस पर आईजा के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट राजीव जैन सैनानी ने मोहम्मद फहीम मंसूरी एंव उषमान मंसूरी का फूलमाला पहनाकर मिठाई खिलाकर भव्य स्वागत सम्मान किया। इसके साथ ही देश में अमन-चैन की दुआएं मांगी।

# 7 मई से होगा महालक्ष्मी महायज्ञ, सजने लगा दरबार


हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज



नगर एवं क्षेत्र में धार्मिक आस्था का केंद्र बनने जा रहा श्री विद्या महालक्ष्मी महायज्ञ 7 मई से प्रारंभ होगा,इसके 1 दिन पहले 6 मई को प्रायश्चित स्नान, जलयात्रा, गणेश पूजन रहेगी, जिसकी तैयारियां जोर-शोर से शुरू हो चुकी हैं। यह महायज्ञ क्षत्रिय बघेल राजपूत समाज मध्यप्रदेश के तत्वाधान एवं प्रकाण्ड विद्वान ब्रह्मऋषि पंडित नलिनीकांत शर्मा धर्माचार्य के मार्गदर्शन मे आयोजित होगा। जिसमे आयोजन समिति द्वारा यज्ञ स्थल महामाई परिसर पर साफ-सफाई, यज्ञ शाला निर्माण, पंडाल निर्माण, सजावट एवं व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है। जानकारी के अनुसार यह भव्य महायज्ञ 7 मई से 15 मई तक महामाई परिसर मे आयोजित किया जाएगा। इस दौरान प्रतिदिन पूजा-अर्चना, हवन, भजन-कीर्तन एवं अनुष्ठान संपन्न होंगे। आयोजन में दूर-दराज से श्रद्धालुओं के आने की संभावना को देखते हुए समिति द्वारा जल, स्वछता एवं भोजन की समुचित व्यवस्था की जा रही है। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि महालक्ष्मी महायज्ञ का उद्देश्य क्षेत्र में सुख-समृद्धि, शांति एवं धर्म के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।

# विधायक शर्मा ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव से भेंटकर किसान समस्याओं पर की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज



क्षेत्रीय विधायक उमाकांत शर्मा ने बुधवार को वल्लभ भवन भोपाल पहुचकर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से आत्मीय भेंट की। इस मुलाकात के दौरान विधायक श्री शर्मा ने सिरोंज-लटेरी विधानसभा क्षेत्र के विकास कार्यों और विशेष रूप से क्षेत्र के अन्नदाताओं (किसानों) से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण एवं स्थानीय विषयों पर विस्तार से चर्चा की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सभी विषयों को गंभीरता से सुना और क्षेत्रीय विकास की दिशा में हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया। विधायक शर्मा ने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के सकारात्मक दृष्टिकोण और क्षेत्र की समस्याओं के प्रति संवेदनशीलता के लिए उनका हृदय से आभार व्यक्त किया।

## जैतपुरा सोसाइटी में 22 ट्रॉलियां चना रिजेक्ट

# दो दिन में समाधान न हुआ तो भूख हड़ताल की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा



विदिशा विधानसभा क्षेत्र के अहमदपुर ब्लॉक स्थित जैतपुरा सोसाइटी में किसानों की 22 ट्रॉलियां चना एक साथ रिजेक्ट किए जाने से हंगामा खड़ा हो गया। किसानों का आरोप है कि जिन सैंपलों को एक दिन पहले पास कर तौल किया गया था, उन्हें अगले दिन अमान्य बताकर खारिज कर दिया गया। इस मनमानी के विरोध में किसानों ने चक्काजाम कर प्रदर्शन किया।

सूचना पर किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष विनीत सिंह दांगी मौके पर पहुंचे। कृषि विभाग और पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में दोबारा सैंपलिंग कराई गई, जिसमें प्रक्रिया में अनियमितताएं सामने आईं। केंद्र पर अधिकृत सर्वेयर उपलब्ध नहीं था, जिससे सैंपलिंग में लापरवाही बरती जा रही थी। उपार्जन केंद्र पर तौल में देरी, बारदानों की कमी और अन्य अव्यवस्थाएं भी पाई गईं। दांगी ने कहा कि गेहूं, चना और मसूर खरीदी में किसानों को स्लॉट बुकिंग, सैटेलाइट सर्वे, सैंपल रिजेक्ट, सर्वर डाउन और भुगतान में देरी जैसी समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। समय पर खरीदी न होने से कई किसान मजबूरी में फसल कम दाम पर बेच रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि दो दिन में समस्याओं का समाधान और मुआवजा नहीं मिला तो माधवगंज में भूख हड़ताल की जाएगी। इसके बाद भी न्याय न मिलने पर विदिशा से भोपाल तक पदयात्रा कर मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

# नगर परिषद की बैठक में 34.65 करोड़ का बजट प्रस्ताव, नारी शक्ति वंदन अभिनंदन बिल पारित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरवाई




बुधवार को नगर परिषद कुरवाई की सामान्य बैठक आयोजित की गई, जिसमें नगर विकास से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में वर्ष 2026–27 के लिए 34 करोड़ 65 लाख का बजट प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया।

इसमें स्थापना एवं वेतन संबंधी व्यय के तहत लगभग 26 लाख रुपये, साथ ही जीपीएस व एनपीएस मद में करीब 4 लाख का प्रावधान रखा गया। नामांतरण प्रकरणों को लेकर विधायक सप्रे ने स्पष्ट कहा कि पार्षदों की अनुशंसा को प्राथमिकता दी जानी चाहिए, उसके बाद ही नामांतरण की प्रक्रिया पूरी की जाए। साथ ही सीएमओ को निर्देशित किया गया कि पार्षदों के प्रस्तावों में अनावश्यक संशोधन न किए जाएं। नगर के विकास कार्यों में गति लाने के लिए प्रत्येक माह बैठक आयोजित करने पर जोर दिया गया, ताकि स्थानीय समस्याओं पर नियमित चर्चा और समाधान सुनिश्चित हो सके। वेतन संबंधी विषय पर आश्वस्त किया गया कि नगर परिषद में कर्मचारियों को वेतन के लिए धन की कमी नहीं आने दी जाएगी। पार्षदों को 4 दिन के भीतर आवश्यक कार्यों के लिए स्थान चिन्हित करने के निर्देश दिए गए। परिषद की आय बढ़ाने के लिए कर वसूली को सख्ती से लागू करने हेतु मुनादी (डफला बजाकर सूचना) कराने का सुझाव भी दिया गया।

# ग्यारसपुर में मंगलम वेयरहाउस गेहूं खरीदी केंद्र का शुभारंभ हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ग्यारसपुर

क्षेत्र के किसानों के लिए लंबे समय से प्रतीक्षित मांग आखिरकार पूरी हो गई। ग्यारसपुर स्थित मंगलम वेयरहाउस में गेहूं उपार्जन केंद्र का विधिवत शुभारंभ बुधवार को किया गया। सहारा संकुल स्तरीय संगठन ग्यारसपुर द्वारा संचालित इस केंद्र का उद्घाटन मंडल अध्यक्ष अजय गुर्जर ने तुलाई कांटे का पूजन कर, फूल-माला अर्पित करते हुए एवं तिलक लगाकर किया।

इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों और किसानों में खासा उत्साह देखा गया। लंबे समय से क्षेत्र के किसान इस केंद्र की मांग कर रहे थे, जिसे क्षेत्रीय विधायक हरि सिंह रघुवंशी के प्रयासों से स्वीकृति मिली और अब यह केंद्र शुरू हो गया है।केंद्र के प्रारंभ होने से ग्यारसपुर एवं आसपास के किसानों को बड़ी सुविधा मिलेगी। अब उन्हें दूर-दराज के उपार्जन केंद्रों पर स्लॉट बुकिंग और तुलाई के लिए नहीं जाना पड़ेगा, बल्कि नजदीकी केंद्र पर ही आसानी से अपनी उपज की तुलाई करा सकेंगे।

सहारा संकुल समिति की प्रबंधक मोहर बाई ने जानकारी देते हुए बताया कि इस केंद्र से 292 महिला समूह जुड़े हैं, जिनमें कुल 3666 महिलाएं सक्रिय रूप से कार्य कर रही हैं। केंद्र की तुलाई क्षमता लगभग 500 मीट्रिक टन निर्धारित की गई है, जिससे बड़ी संख्या में किसानों को लाभ मिलेगा।

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, श्री सतीशचंद जैन पुत्र श्री मोतीलाल जैन निवासी वार्ड नं. 29 सागर पुलिया रोड विदिशा के स्वामित्व एवं आधिपत्य का मकान संपत्ति कर की रसीद के अनुसार मकान नंबर 129 जो कि वार्ड नं. 29 नया 31 सागर पुलिया रोड कांवेंट स्कूल के सामने विदिशा में स्थित है जिसका कुल क्षेत्रफल 1320 वर्ग फीट का है जिसकी चर्तुसीमायें निम्न है:- पूर्व में मकान प्राणचंद जैन, पश्चिम में मकान जगन हरिजन उत्तर में भूमि शिवनारायण अग्रवाल तथा दक्षिण में रोड है उक्त मकान श्री सतीशचंद जैन पुत्र श्री मोतीलाल जैन को अपने भाई श्री शरद कुमार जैन पुत्र श्री मोतीलाल जैन निवासी किरी मोहल्ला विदिशा के द्वारा निस्पादित वसीयत पत्र क्रमांक 44 ग्रंथ क्रमांक 33 दिनांक 31.07.1999 के द्वारा प्राप्त किया गया था एवं शरद कुमार जैन पुत्र श्री मोतीलाल जैन ने उक्त प्लाट/मकान को विक्रय पत्र क्रमांक 1753 ग्रंथ क्रमांक 783 दिनांक 12.08.1974 के द्वारा शंकर राव पुत्र स्व. गुंडीराव निवासी ग्राम हसनाबाद जिला विदिशा से क्रय किया था। कि अब श्री सतीशचंद जैन पुत्र श्री मोतीलाल जैन के द्वारा उपरोक्त वर्णित मकान को IDFC Bank Ltd. शाखा विदिशा में बंधक कर ऋण प्राप्त कर रहे है। अत : एवं इस सार्वजनिक सूचना के द्वारा सूचित किया जाता है कि, उक्त मकान को बंधक किये जाने में यदि किसी व्यक्ति, संस्था, निकाय, बैंक आदि को किसी प्रकार की स्वामित्व विषयक, देयता विषयक, बंधक विषयक, अधिकार विषयक आपत्ति हो अथवा अन्य कोई कर्ज हो तो वह इस प्रकाशन के 7 दिवस के अन्दर कार्यालीन समय में मेरे कार्यालय में अपनी आपत्ति लेखी प्रस्तुत करे। उक्त अवधि के पश्चात् उक्त संपत्ति को IDFC Bank Ltd. शाखा विदिशा बंधक करने के लिये अग्रसर हो जायेगा एवं ऐसी दशा में किसी की, किसी भी प्रकार की आपत्ति या अधिकार मान्य नही होगा सूचित हो।

भवदीय **नीरज जैन** एडवोकेट
कार्यालय खरी फाटक के बाहर, वार्ड क्रमांक 30,
पीतल मील चौराहा के पास विदिशा
मोबाइल: 9827543733

## आपदा प्रबंधन फायर मॉकड्रिल का आयोजन किया

**विदिशा।** मेडिकल कॉलेज में आपदा प्रबंधन जनजागरूकता कार्यक्रम के तहत फायर मॉकड्रिल का सफल आयोजन किया गया। डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट होमगार्ड एवं एसडीईआरएफ मयंक कुमार जैन के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यशाला में होमगार्ड और एसडीईआरएफ टीम ने आगजनी, भूकंप, बाढ़, विद्युत दुर्घटना व सर्पदंश जैसी घटनाओं से निपटने की जानकारी दी। प्लाटून कमांडर रश्मि दुबे के नेतृत्व में फायर एक्सटिंग्यूशर, होज रील व स्प्रिंकलर के उपयोग का प्रदर्शन किया गया। स्टाफ को सुरक्षित निकासी, संचार व्यवस्था और कंबल से अस्थायी स्ट्रेचर बनाकर घायलों को सुरक्षित स्थान तक पहुंचाने का प्रशिक्षण दिया।



## हरीपुरा में 24 से 30 अप्रैल तक संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा, 24 को कलश यात्रा

**विदिशा।** श्री सियाराम सेवा समिति हरीपुरा के सानिध्य में सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन 24 से 30 अप्रैल 2026 तक साकेत नगर स्थित रघुवंशी जी के बगीचा, हरीपुरा में किया जाएगा। कथा प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से हरिइच्छा तक होगी। राष्ट्रीय संत श्री विपिन बिहारी जी महाराज के मुखारविंद से श्रद्धालु संगीतमय कथा श्रवण करेंगे। 24 अप्रैल को प्रातः 9 बजे माधवगज शिवालय से भव्य कलश यात्रा प्रारंभ होकर मुख्य मार्गों से कथा स्थल पहुंचेगी। समिति ने धर्मप्रेमी बंधुओं, माताओं-बहनों से पीले वस्त्र धारण कर अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है।

**श्री कृष्णा गृह निर्माण सहकारी समिति मर्या.**
**श्री कृष्णा कॉलोनी, विदिशा (म.प्र.)**

पंजीयन क्रमांकः डी. आर. भो. 64, दिनांक 27/03/1974

:: साधारण / आम सभा बैठक-2026 ::

सदस्यों को सूचित किया जाता है कि समिति की वार्षिक साधारण / आम सभा की बैठक का आयोजन दिनांक 24-05-2026 को दिन रविवार समय सायंकाल 06.00 बजे सेवा भारती भवन श्री कृष्णा कॉलोनी में किया गया है जिसमें आपकी उपस्थिति अनिवार्य होकर प्रार्थनीय है। नोट कोरम के अभाव में विलम्बित सभा की कार्यवाही आधा घंटा बाद प्रारंभ कर सम्पन्न कर की जायेगी।

नरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव
अध्यक्ष
श्रीकृष्णा गृह नि. स. समिति मर्या.
72, श्री कृष्णा कॉलोनी, विदिशा (म.प्र.) मो- 9425464590

## नंदवाना में मनाई आदि शंकराचार्य जयंती

## लक्ष्मी नारायण मंदिर परिसर में भक्ति दर्शन और सांस्कृतिक गरिमा का संगम

**विदिशा।** नंदवाना स्थित लक्ष्मी नारायण मंदिर परिसर में सनातन धर्म के महान आचार्य आदि शंकराचार्य की जयंती (वैशाख शुक्ल पंचमी) श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में विद्वानों, श्रद्धालुओं एवं क्षेत्रीय नागरिकों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ सुरेंद्र सिंह कुशवाह द्वारा रचित चर्पटपंजरिका स्तोत्र के भावपूर्ण गायन से हुआ। मुख्य वक्ता विश्वगीताप्रतिष्ठानम के महामंत्री डॉ. विष्णुनारायण तिवारी ने अद्वैत वेदांत दर्शन पर प्रकाश डालते हुए उपनिषद, ब्रह्मसूत्र और श्रीमद्भगवद्गीता पर शंकराचार्य के भाष्य को भाष्य शिरोमणि बताया। संस्कृत भारती के जिला अध्यक्ष डॉ. मनोज नारायण शास्त्री ने ब्रह्म सत्यं जगन्मिथ्या सिद्धांत की सरल व्याख्या की। साथ ही सूरदास जयंती पर रामदयाल तिवारी ने भरोसो दृढ़ हरि चरनन तेरो भजन प्रस्तुत कर वातावरण भक्तिमय बना दिया। अंत में मुखिया जी ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में राकेश व्यास, शिवनंदन तिवारी सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। प्रसाद वितरण के साथ आयोजन संपन्न हुआ।

## पीएमश्री विद्यालय का वार्षिकोत्सव आयोजित

### मेधावी छात्राओं का सम्मान, 5 हजार रुपए प्रोत्साहन राशि की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा



पीएम श्री कन्या महारानी लक्ष्मीबाई उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में वार्षिक उत्सव समारोह मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक मुकेश टंडन एवं जिला शिक्षा अधिकारी एसपी जाटव ने सरस्वती पूजन कर किया। छात्राओं ने स्वागत गीत व आकर्षक सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया।

संस्था की प्राचार्य डॉ दीप्ति शुक्ला ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए विद्यालय की शैक्षणिक व सहशैक्षणिक उपलब्धियों की जानकारी दी। माध्यमिक शिक्षा मंडल की बोर्ड परीक्षाओं में कक्षा 10वीं की कुमारी सलोनी अहिरवार ने 97% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि 12वीं में सानिया मंसूरी ने सर्वोच्च अंक प्राप्त किए। विभिन्न गतिविधियों स्वच्छता, खेलकूद, एनसीसी, वाद-विवाद, रंगोली आदि में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को शील्ड व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। विधायक टंडन ने राज्य मेरिट सूची में स्थान पाने वाली छात्राओं को 5 हजार प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा की। नपाध्यक्ष प्रीति शर्मा राकेश व राष्ट्रपति पुरस्कृत शिक्षक बलवीर सिंह तोमर ने छात्राओं को मेहनत व अनुशासन का संदेश दिया।

### दो आरोपियों पर जिला बदर की कार्रवाई: विदिशा।

कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने एसपी के प्रतिवेदन पर दो आरोपियों के जिलाबदर किया है। सोनू उर्फ कटप्पा कुशवाह, निवासी आरएमपी नगर फेस-2 को छह माह तथा देवेन्द्र उर्फ निब्बू अहिरवार निवासी गंजबासौदा को एक वर्ष के लिए विदिशा सहित रायसेन, भोपाल, गुना, अशोकनगर, सागर व राजगढ़ जिलों की सीमाओं से निष्कासित किया गया है।

**न्यायालय तहसीलदार तहसील कुरवाई, जिला विदिशा (म.प्र.)**

क्रमांक/ /बी-121/2026-27 कुरवाई दिनांक 21/04/2026

**नीलामी की सूचना**
**उदघोषणा**

एतद द्वारा ग्राम दुनातर, पीरोठा, पाडौछा के समस्त ग्रामवासिंयों एवं सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि शिव मंदिर दुनातर ट्रस्ट की कृषि भूमि स्थित ग्राम दुनातर, ग्राम पीरोठा, ग्राम पाड़ौछा का विवरण पृथक-पृथक निम्नानुसार है।

| क्रमांक | ग्राम का नाम | भूमि सर्वे कमांक | कुल किता | कुल रकवा | ऑफसेट राशि | शासकीय बोली की राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | दुनातर | 3, 4, 5, 6/1, 7, 8, 12/2, 13, 14, 15 16, 18, 19, 22, 23 | 15 | 27.561हे. | 1711000/- | 1882100/- |
| 2 | पीरोठा | 34, 135, 136 | 03 | 1.526हे. | 53333/- | 58666/- |
| 3 | माडौछा | 257, 296, 426, 427, 430 | 05 | 3.689 हे. | 208166/ | 228983/- |

उक्त कृषि भूमियों की नीलामी वर्ष 2026-27 हेतु एक वर्ष के लिए की जा रही है। उक्त कृषि भूमियों की नीलामी की कार्यवाही न्यायालय तहसीलदार तहसील कुरवाई जिला विदिशा म०प्र० के न्यायालय मे अध्यक्ष शिव मंदिर दुनातर ट्रस्ट की उपस्थिति में दिनांक 27.04.2026 दिन सोमवार को न्यायालयीन समय प्रातः 12:00 बजे से प्रारम की जावेगी।

उक्त भूमियों की नीलामी में इच्छुक व्यक्ति बोलीदार जो नीलामी में सम्मिलित होना चाहते है, वह ऑफसेट राशि का 25 प्रतिशत आमानत राशि के रूप में नीलामी दिनांक 27.04.2026 को प्रातः 12:00 बजे के पूर्व जमा कर नीलामी की कार्यवाही में भाग ले सकेगे।

उक्त समस्त कृषि भूमियों की नीलामी बोली के सम्बंध में आवश्यक शर्ते उद्घोषणा पत्र के संलग्न है।

यह उदघोषणा आज दिनांक 21.04.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी की गई।

**तहसीलदार**
**तहसील कुरवाई**

## मंडी सचिव के ढीले ढाले रवैए से फैली अव्यवस्थाएं, किसान झेल रहे परेशानी

# जिम्मेदारी भरा 'नीलामी कार्य' आउटसोर्स कर्मचारी के हाथों, व्यापारी उठा रहे फायदा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

शहर की कृषि उपज मंडी में इन दिनों अव्यवस्था अपने चरम पर पहुंच गई है। गेहूं, चना सहित अन्य उपज की भारी आवक के बीच किसानों को न सिर्फ अपनी उपज के उचित दाम नहीं मिल पा रहे हैं। बल्कि मंडी प्रबंधन की कार्यप्रणाली पर भी गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।

आरोप है कि मंडी में नियमों को दरकिनार कर आउटसोर्स कर्मचारियों से अनाज की नीलामी कराई जा रही है, जिससे पूरी व्यवस्था प्रभावित हो रही है। जबकि मंडी में पर्याप्त नियमित कर्मचारियों के होने के बावजूद मंडी सचिव वीरेंद्र सिंह ठाकुर द्वारा कमाई के फेर में आउटसोर्स कर्मचारियों भरोसे अनाज की नीलामी कराई जा रही है। क्योंकि मंडी सचिव और बड़े लायसेंसी अनाज कारोबारियों से मिलीभगत जग जाहिर है।

हालांकि मंदी प्रबंधन के अधिकारी हमेशा व्यवस्था बनाने का दावा करते हैं। लेकिन धरातल पर जाकर हर दावे खोखले साबित नजर आ रहे हैं। ऐसा ही नजारा बुधवार को सुबह करीब ग्यारह बजे उस समय देखने को मिले जब नीलामी में किसानों के टीन शेड पर गल्ला व्यापारियों की अनाजों से भरी बोरियां छलनी लगाकर रखी गई। वहीं किसानों की उपज को बाहर फैलाकर रखी गई। मजबूरी में हम्मालों को तेज धूप में किसानों की उपज तुलाई करना पड़ रही है। मंडी में व्यवस्था बनाने मंडी सचिव पूरी तरह से फेल है। मंडी में अमला तो है लेकिन व्यवस्था बनाने में नाकाम साबित हो रहा है। पूर्व में अनाज व्यापारियों ने शिकायत की थी। इसके बाद कर्मचारियों की बैठक एसडीएम एवं मंडी सचिव वीरेंद्र सिंह ठाकुर की मौजूदगी में हुई। एसडीएम मनीष शर्मा ने दोनों पक्षों के आपसी सहमति के बाद सुलह कराई गई थी।

किसानों का कहना है कि समर्थन मूल्य पर उपज बेचने के लिए स्लॉट बुकिंग नहीं हो पा रही है। ऐसे में मजबूरीवश उन्हें मंडी में व्यापारियों को कम कीमत पर अनाज बेचना पड़ रहा है। किसान रामेंद्र ठाकुर, जयंत ठाकुर, मिथलेश लोधी, रमेश लोधी ने बताया कि जब वे अपनी समस्या लेकर मंडी सचिव वीरेंद्र सिंह ठाकुर के पास पहुंचते हैं तो कोई सुनवाई नहीं होती।



### मंडी में नीलामी कार्य पर उठे सवाल

मंडी में अनाज की नीलामी का कार्य नियमित कर्मचारियों के बजाय आउटसोर्स कर्मचारियों से कराया जा रहा है। आरोप है कि नीलामी प्रक्रिया पूरी होने के बाद भी आउटसोर्स कर्मचारी, व्यापारियों और मंडी प्रबंधन की मिलीभगत से कई बार नीलामी के सौदे निरस्त कर दिए जाते हैं। इससे किसानों को उनकी मेहनत का उचित मूल्य नहीं मिल पाता।

### आउटसोर्स कर्मचारियों के भरोसे मंडी

मंडी सचिव द्वारा मंडी बोर्ड के नियमों को नजरअंदाज करते हुए कार्यालयीन कार्य भी आउटसोर्स अनट्रेंड कर्मचारियों को सौंप रखे हैं। पत्रक भरने से लेकर रजिस्टर में एंट्री तक का काम बाहरी कर्मचारियों से कराया जा रहा है। जिससे मंडी की पारदर्शिता पर सवाल उठ रहे हैं।

### कृषि उपज मंडी में अव्यवस्था का आलम...जिम्मेदार भी सिर्फ ऊपरी कमाई पर दे रहे ध्यान

कृषि उपज मंडी परिसर में व्यवस्थाएं भी चरमराई हुई हैं। शेडों पर व्यापारियों का कब्जा होने के कारण किसानों को खुले में अनाज रखना पड़ रहा है। तेज धूप में हम्माल और मजदूर काम करने को मजबूर हैं। पर्याप्त अमले के बावजूद मंडी प्रबंधन व्यवस्था सुधारने में असफल नजर आ रहा है। किसानों का आरोप है कि हर बार मंडी प्रबंधन अनाज की बंपर आवक अधिक होने का हवाला देकर अपनी जिम्मेदारी से बचता है। वहीं, आउटसोर्स कर्मचारी छोटी-छोटी कमियां निकालकर किसानों की नीलामी निरस्त कर देते हैं, जिससे उन्हें बार-बार परेशानी उठानी पड़ती है।

### इनका कहना है

मंडी में फैली अव्यवस्था को जल्द दूर किया जाएगा। मैं कृषि उपज मंडी का निरीक्षण कर जायजा लूंगा। अनाज की नीलामी को करने वाले आउटसोर्स कर्मचारियों की जानकारी भी ली जाएगी। - **मनीष शर्मा**, एसडीएम

### किसानों के टीनशेड पर व्यापारियों का अतिक्रमण

बताया जा रहा है कि नीलामी के लिए टीनशेड पर फिलहाल अनाज कारोबारी का कब्जा बना हुआ है। क्योंकि इन टीनशेड के नीचे उनकी अनाज से भरे बोरे और बोरियां जमी हुई है। अन्नदाताओं द्वारा इस अनावश्यक कब्जे की कई बार इस मामले में मंडी प्रशासक मनीष शर्मा और मंडी सचिव से शिकायत की गई, लेकिन स्थिति जस की तस बनी हुई है। मंडी प्रबंधन के अधिकारी जाकर भी इस बेजा अतिक्रमण को हटाने का साहस नहीं जुटा पा रहे हैं।

### जांच और सुधार की मांग...

किसानों और स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन सहित मंडी प्रशासक एसडीएम मनीष शर्मा से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि यदि जल्द ही व्यवस्था में सुधार नहीं किया तो किसानों का भरोसा मंडी व्यवस्था से उठ जाएगा। फिलहाल मंडी में फैली अराजकता ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है और वे अपनी उपज का सही मूल्य पाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं।



# नदी नालों में जलाभाव टूटी धार, नदियों में सिर्फ बजरी

## मवेशियों के लिए नहरों में पानी छोड़ने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

अभी गर्मी की शुरुआत हुई है। वैशाख का महिना चल रहा है। क्षेत्र की प्रमुख नदियां और नाले जलाभाव से जूझ रहे है। नदी नालों में पानी के स्थान पर रेत, बजरी नजर आ रही है।

जनपद क्षेत्र के ग्रामों में लगभग 50 हजार पशु है जिनके समक्ष पानी पीने का संकट गहराता जा रहा है। ग्रामीणों द्वारा भीषण गर्मी में पीने के पानी छोडऩे की मांग की जा रही है। जिससे पशुओं को चारा भूसा न मिले परन्तु पीने के लिए पानी तो उपलब्ध हो जाए। दो-तीन दशकों पूर्व तक जिन नदियों में गर्मी में भी भरपूर पानी रहा करता था। बारना, तैदोनी, घोघरा, इक्यावन नदियों के साथ दर्जनों छोटे बड़े नाले बारना बांध की नहरों में पानी बंद होने के साथ धार टूटना शुरु हुई और अब पूरी तरह पानी सूख जाने से पानी के स्थान पर रेत, बजरी नजर आ रही है। दशकों से प्रति वर्ष गर्मी के दिनों में ऐसी ही स्थिति बनती है।

गांव-गांव में हजारों मवेशी है जिन्हे पशु पालकों द्वारा दूध न देने, चारा भूसा खिलाने, पिलाने के स्थान पर छुट्टा छोड़ दिया जाता है। क्षेत्र की मुख्य सडक़ों एवं नगर में स्थान-स्थान पर छुट्टा मवेशियों के झुन्ड सुरक्षित यातायात में बाधा और परेशानी का कारण बन रहे है।

## प्रशासनिक अधिकारियों ने की मांगों पर चर्चा

# नप साफ-सफाई कर्मचारियों की तीसरे दिन भी हड़ताल रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

20 अप्रैल से नगर परिषद के सफाई कर्मचारियों द्वारा 5 सूत्री मांगों के लिए हड़ताल कर नगर की साफ-सफाई कचरा उठाने की व्यवस्था को बंद कर दिया गया था। हड़ताल तीसरे दिन भी जारी रहने के कारण सुबह से सडक़ों, वार्डों में झाड़ू नहीं लगी और न ही कचरा उठाया गया जिससे सम्पूर्ण नगर में गंदगी फैले रहने की स्थिति बनी रही।

सफाई कर्मचारियों द्वारा हड़ताल के पहले दिन से ही न.प. कार्यालय के समक्ष अपनी 5 सूत्री मांगों के लिए प्रतिदिन धरना दिया जा रहा था। बुधवार को बीमार होने के बाद भी न.प. अध्यक्ष हेमन्त राजा भैया



चौधरी, पार्षद, एसडीएम सन्तोष मुदगल, सीएमओ हरिशंकर वर्मा धरना स्थल पर पहुंचे। सफाई कर्मचारी नेताओं से उनकी मांगों के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। तीन चार किस्तों में एरियर्स/ईपीएफ की राशि अगले महीनों में खातों में जमा करने, 1 से 10 तारीख के बीच वेतन भुगतान करने जैसी मांगों पर दोनों पक्षों के बीच सहमति बनी।

# धूमधाम से मनाई भगवान परशुराम जयंती, चल समारोह निकाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाड़ी

नगर में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी भगवान परशुराम जयंती का पर्व बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया। अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर सकल सनातनी विप्र समाज द्वारा भव्य आयोजन किया, जिसमें शोभायात्रा, धर्मसभा और सम्मान समारोह प्रमुख आकर्षण रहे।

सुबह 8 बजे नया बस स्टैंड स्थित दुर्गा मंदिर परिसर में समाजजन एकत्रित हुए, जहां भगवान परशुराम के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। इस दौरान



हिंगलाज शक्ति पीठ संस्कृत पाठशाला के आचार्यों एवं बटुकों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार किया।

बैंड-बाजों और आतिशबाजी के साथ निकली शोभायात्रा। पूजन के पश्चात नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें भगवान परशुराम का सजीव स्वरूप रथ पर विराजमान था, जो आकर्षण का केंद्र रहा। शोभायात्रा में बैंड-बाजे, डीजे, घोड़ों का नृत्य और भगवा पताकाएं लहराते हुए श्रद्धालु नजर आए। यह शोभायात्रा दुर्गा चौक से प्रारंभ होकर बस स्टैंड, चिंतामन चौराहा, पुराना बाजार, हिंगलाज रोड, ब्लॉक कॉलोनी होते हुए पुनः नया बस स्टैंड पहुंची, जहां भगवान परशुराम की आरती की गई।

## कायस्थ महासभा धूमधाम से मनाएगी भगवान चित्रगुप्त का प्रकाटोत्सव, निकालेगी शोभायात्रा

**रायसेन।** शहर के भोपाल रोड स्थित भोईपुरा में भगवान चित्रगुप्त राधा-कृष्ण मंदिर परिसर में कायस्थ महासभा जिला इकाई रायसेन की बैठक आयोजित की गई। बैठक में बड़ी संख्या में चित्रांश परिवारों की उपस्थिति रही। सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि आज गुरुवार को भगवान चित्रगुप्त का प्रकाटोत्सव पूरे उत्साह और धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। कायस्थ महासभा जिला अध्यक्ष सूर्य प्रकाश सक्सेना ने बताया कि इस अवसर पर स्वामी शिवोम तीर्थ मंदिर से भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। यह शोभायात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए भगवान चित्रगुप्त राधा-कृष्ण मंदिर पहुंचेगी। शोभायात्रा को आकर्षक बनाने के लिए विशेष तैयारियां की जा रही हैं, जिसमें मातृशक्ति की सक्रिय भागीदारी रहेगी।कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 8 बजे भगवान चित्रगुप्त जी के अभिषेक से होगी। इसके पश्चात हवन-पूजन और महाआरती का आयोजन किया जाएगा।

# शादी में पसंद का खाना नही मिलने पर विवाद, जमकर चले डंडे, 5 घायल

## सभी घायल सांची सिविल अस्पताल से विदिशा रेफर, 3 पर एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर

थाना क्षेत्र के सत्ती गांव में मंगलवार देर रात करीब 11 बजे शादी समारोह में पसंद का खाना नहीं मिलने पर ग्रामीणों और बरातियों में जमकर विवाद हो गया। जिसमें जमकर डंडे चले और 5 लोग घायल हो गए। मामले में पुलिस ने 3 लोगों पर मामला दर्ज किया है।

- रायसेन से सत्ती गांव आई थी बारात

फरियादी प्रकाश सहरिया पिता बाबूलाल ने बताया कि उसकी भतीजी संजना की शादी मंगलवार को थी। खाना खिलाते समय आरोपी विक्की सहरिया, जितेंद्र सहरिया और राजकुमार सहरिया ने पसंद का खाना नहीं मिलने पर जगदीश सहरिया, राहुल सहरिया, रघुवीर सहरिया, राज सहरिया और उमेश सहरिया के साथ विवाद करते हुए डंडों से जमकर मारपीट कर दी। मारपीट से 5 लोगों को सिर, हाथ सहित पैर में गंभीर चोटें आ गईं।

घायलों को 108 एम्बुलेंस से सांची सिविल अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन स्थिति बिगड़ने पर सभी को विदिशा रेफर कर दिया।

### मारपीट के बाद भी संपन्न हुई शादी



ग्राम सत्ती में जगदीश सहरिया की बेटी संजना की शादी थी। रायसेन से आई बारात में धूमधाम से नाचते गाते बाराती गांव पहुंचे। जब बाराती खाना खाने बेठे तो पसंद का खाना नहीं मिलने पर गांव के विक्की सहरिया, जितेंद्र और राजकुमार का विवाद राहुल सहरिया, बारातियों रघुवीर सहरिया, राज सहरिया और उमेश सहरिया से हो गया। बात मारपीट तक पहुंच गई। तीनों आरोपियों ने दुल्हन के पिता जगदीश सहरिया को भी डंडों से मारकर घायल कर दिया। अच्छी बात यह रही कि मारपीट की घटना हो जाने के बाद भी दुल्हन संजना की शादी पूरी रस्मों के साथ सम्पन्न हुई

# तीन चोर किसान का नोटों से भरा झोला लेकर हुए फरार




हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेगमगंज

उपज बेचकर किराने की दुकान से घर का सामान ले रहे एक किसान का नोटों से भरा झोला लेकर बाइक सवार 3 चोर हुए रफूचक्कर। पुलिस ने मामला दर्ज कर चोरों को तलाश शुरू की।

ग्राम पिपलिया बिचौली निवासी किसान अजय सिंह लोधी घर से गेहूं, चना लेकर आए थे जिसे किसान ने अनाज व्यापारी राजू जैन को एक लाख 60 हजार में बेचकर व्यापारी से पैसे लिए और घर वापस जाने से पहले उसने सागर रोड़ स्थित प्रमोद जैन किराना दुकान से गृहस्थी का सामान खरीदा। उसने एक लाख 80 हजार नोटों से भरा झोला पिकअप में रख दिया था। पहले से रेकी कर रहे बाइक सवार 3 बदमाशों ने नोटों से भरे झोला लेकर फरार हो गए। पीड़ित किसान अजय लोधी ने घटना की जानकारी पुलिस को दी।

# भगवान परशुराम की पूजन-अर्चना आरती के साथ प्रारंभ हुई भव्य शोभायात्रा

## भगवान परशुराम की शोभायात्रा का स्थान-स्थान पर स्वागत किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

बुधवार को सर्व ब्राम्हण सनातन धर्म सेवा समिति द्वारा भगवान परशुराम का प्रगटोत्सव धूमधाम के साथ मनाया। श्रीरामलीला मैदान में समाज बंधुओं की भारी उपस्थिति में परशुराम जी की विशेष पूजन विधि-विधान से करने आरती और जयकारों के साथ शोभायात्रा प्रारंभ हुई। नगर के प्रमुख मार्गों, बाजारों से निकली परशुराम शोभायात्रा का स्थान-स्थान पर स्वागत पूजन और पुष्पवर्षा की जाती रही।

श्रीराम लीला मैदान से भगवान परशुराम जी की विशाल झांकी जयकारों के साथ शोभायात्रा प्रारंभ हुई। शोभायात्रा में ब्राम्हण अपनी पारंपरिक वैशभूषा और हाथों में त्रिशूल लेकर सम्मिलित हुए। इसी के साथ राधाकृष्ण पर आधारित



प्रजापति ब्रम्हकुमारी ओमशांति की झांकी, वैद मंत्रों के साथ संस्कृत विद्यालय के बटुको की झांकी, गौ माता में देवताओं के वास की झांकी शोभायात्रा के दौरान विशेष आकर्षण का केन्द्र बनी रही। इसी के साथ जबलपुर से आया नेशनल बैंड की धुनों पर नृत्य का माहौल बना रहा। पहली बार परशुराम जयंती में महिलाओं का दल हाथों में फरसा लेकर सम्मिलित हुआ जो आकर्षण का केन्द्र बना रहा।

नगर की सड़कों से निकली परशुराम जी की शोभायात्रा में सम्मिलित ब्राम्हाणों का कई स्थान पर स्वागत किया गया। नप, हिउस, साहू समाज संगठन, कांग्रेस कमेटी, राजपूत समाज संगठन सहित अन्य संगठनों संस्थाओं द्वारा परशुराम जी की पूजन, आरती की जाती रही।

## सालभर पशुओं के लिए कर रहे भंडारण

# गेहूं कटाई के बाद अब चारे की तैयारी में जुटे किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

क्षेत्र सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों में गेहूं की फसल निकलते ही किसान अब अगली बड़ी तैयारी में जुटे हैं। खेतों में इन दिनों पशुओं के लिए चारा बनाने और उसका भंडारण करने का काम तेज़ी से चल रहा है, ताकि पूरे साल मवेशियों को पर्याप्त आहार मिल सके।

गांवों में किसान गेहूं की नरवाई और सूखे डंठलों को इकट्ठा कर चारा तैयार कर रहे हैं। कई जगहों पर मशीनों की मदद से भूसा बनाया जा रहा है, वहीं कुछ किसान पारंपरिक तरीके से भी चारा एकत्र कर रहे हैं। इसके बाद इसे सुरक्षित रखने के लिए खेतों और घरों के पास बड़े-बड़े ढेर लगाए जा रहे हैं। किसानों का कहना है कि गर्मी और बारिश के



मौसम में हरा चारा आसानी से उपलब्ध नहीं होता, ऐसे में अभी से किया भंडारण पशुपालन के लिए बेहद जरूरी है। यही चारा सालभर गाय, भैंस और अन्य मवेशियों के काम आता है।

ग्रामीण इलाकों में पशुपालन आय का महत्वपूर्ण स्त्रोत है, इसलिए किसान इस काम को प्राथमिकता दे रहे हैं। चारा तैयार करने में पूरे परिवार के लोग जुटे हुए हैं और दिनभर खेतों में काम कर रहे हैं।

## ग्रामीणों ने पेश की समरसता की मिसाल, तन-मन-धन से निभाया मानवता का फर्ज

**गरीब बेटी का धूमधाम के साथ किया विवाह**

# सामूहिक सहयोग से बजी खुशियों की शहनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

नगर से करीब 12 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम चून्हेटिया में सामाजिक एकता, सहयोग और मानवीय संवेदनाओं का प्रेरणादायक उदाहरण सामने आया है। यहां ग्रामवासियों ने मिलकर एक आर्थिक रूप से कमजोर परिवार की बेटी का विवाह न केवल संपन्न कराया, बल्कि उसे यादगार भी बना दिया। इस पहल ने यह साबित कर दिया कि जब समाज एकजुट होता है, तो कोई भी कार्य असंभव नहीं रहता।

ग्राम निवासी रामबाबू की पुत्री कीर्ति का विवाह ग्राम पटना कछार निवासी कमलेश के पुत्र अंकित के साथ तय हुआ था। दोनों ही परिवारों की आर्थिक स्थिति अत्यंत कमजोर होने के कारण परिवारों के सामने चिंता थी कि रीति-रिवाजों से विवाह कैसे संपन्न होगा।


इसी दौरान गांव के समाजसेवी युवाओं को इस स्थिति की जानकारी मिली। उन्होंने तुरंत पहल करते हुए दोनों परिवारों से संपर्क साधा और विवाह को सामूहिक सहयोग से संपन्न कराने का निर्णय लिया। युवाओं की इस पहल को पूरे गांव का समर्थन मिला।

### बाराती, अतिथियों की सेवा में नहीं छोड़ी कोई कसर

अक्षय तृतीया पर गांव के मंदिर में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विवाह की सभी रस्में विधिवत संपन्न कराई गईं। पंडित द्वारा पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार फेरे और अन्य संस्कार पूरे कराए गए। ग्रामीणों ने एकजुट होकर विवाह की सभी व्यवस्थाएं अपने जिम्मे ले लीं। किसी ने भोजन व्यवस्था की जिम्मेदारी संभाली, तो किसी ने सजावट, टेंट, बर्तन और अन्य आवश्यक संसाधनों की व्यवस्था की। ग्रामीणों ने बारातियों और अतिथियों की सेवा में कोई कसर नहीं छोड़ी।

**किसी ने संभाली भोजन व्यवस्था, तो किसी ने टेंट व अन्य जिम्मेदारी**

**अक्षय तृतीया पर गांव के ही मंदिर में हुए विवाह के सभी रीति रिवाज**



### सभी ने मिलकर इस विवाह को सफल बनाया

सर्व ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष राजेश मिश्रा ने बताया कि ग्राम चून्हेटिया के सभी रहवासियों ने मिलकर इस विवाह को सफल बनाया। गांव के लोगों ने निस्वार्थ भाव से सहयोग करते हुए न केवल विवाह की सभी व्यवस्थाएं कीं, बल्कि नवदंपति को गृहस्थी का जरूरी सामान भी भेंट किया, ताकि वे अपने नए जीवन की शुरुआत बिना किसी परेशानी के कर सकें। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति रही, जिन्होंने नवविवाहित जोड़े को सुखद दांपत्य जीवन की शुभकामनाएं दीं। सामूहिक सहयोग और सद्भावना से संपन्न यह विवाह अब पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

### गोंड समाज का सामूहिक मड़मिंग सम्मेलन संपन्न तीन जोड़ों ने रचाई शादी

**सिलवानी।** गोंड समाज महासभा के तत्वावधान में फड़ापेन ठाना छोटा कचारगढ़, कोटा खजारी में गोंड समाज का सामूहिक मड़मिंग सम्मेलन संपन्न हुआ। इस आयोजन में समाज के 3 जोड़ों ने पारंपरिक गोंडी रीति-रिवाजों और नेंग-मिजानों के साथ वैवाहिक जीवन की शुरुआत की। कार्यक्रम की शुरुआत गोंडी संस्कृति के अनुसार फड़ापेन सुमरनी, पाटा, सतरंगी पाला और ध्वजारोहण के साथ हुई। इसके बाद बारात का स्वागत समाज के प्रमुखों ने पारंपरिक तरीके से किया। समारोह के दौरान पारंपरिक गीतों और रस्मों ने पूरे वातावरण को उत्सवमय बना दिया। सम्मेलन में पीला विवाह संस्कार गोंडी परंपरा के अनुसार संपन्न कराए गए।